Research Unit
Press Information Bureau
Ministry of Information and Broadcasting
Government of India

# विकसित भारत संकल्प यात्रा ने सुदूरवर्ती इलाकों तक अपनी पहुँच बढ़ाई, जिससे समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त हो रहा है

**केवल 5 दिनों में 826 ग्राम पंचायतों से लगभग 3 लाख लोगों ने भाग लिया**

20 नवंबर 2023

पहुंच और सहभागिता के अभूतपूर्व प्रदर्शन में, भारत सरकार की अब तक की सबसे बड़ी पहल, विकसित भारत संकल्प यात्रा ने देश के सुदूरवर्ती कोनों तक पहुंचने में केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने और प्रमुख कार्यक्रमों के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की शत-प्रतिशत परिपूर्णता हासिल करने में उल्लेखनीय प्रगति की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवम्बर, 2023 को झारखंड के खूंटी में इस अभियान की शुरुआत की थी। इसकी शुरुआत अनेक सूचना शिक्षा संचार (आईईसी) वैनों के साथ विभिन्न स्थानों से एक साथ हुई। इन आईईसी वैनों का उद्देश्य नागरिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में सूचित करना और योजनाओं की शत-प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करने के लिए "जनभागीदारी" की भावना से उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। यह यात्रा समावेशी विकास के दृष्टिकोण पर आधारित है, जिसमें यह सुनिश्चित करने का निरंतर प्रयास किया गया कि सरकारी योजनाओं का लाभ देश भर के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे।

## आईईसी वैन लद्दाख में ज़ानस्कर घाटी और कारगिल पहुंची

विकसित भारत संकल्प यात्रा लद्दाख की ज़ानस्कर घाटी और कारगिल पहुंची, जिससे अभियान का संदेश देश के सुदूरवर्ती इलाकों तक पहुंचा।



**विकसित भारत संकल्प यात्रा हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिले किन्नौर पहुंची**

यात्रा सफलतापूर्वक हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिले किन्नौर पहुंची, जिससे स्थानीय जनता के बीच केन्द्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ी।




**आईईसी वैन पश्चिम जयंतिया हिल्स और पूर्वी खासी हिल्स तक पहुंची**

अभियान की आईईसी वैन पश्चिमी जयंतिया हिल्स और पूर्वी खासी हिल्स तक पहुंची, जिससे यात्रा के मिशन को आगे बढ़ाते हुए जानकारी का प्रसार किया गया और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा की गई।






**तवांग, अरुणाचल प्रदेश के निवासी यात्रा में शामिल हुए**

विकसित भारत संकल्प यात्रा को तवांग, अरुणाचल प्रदेश के निवासियों का समर्थन मिला, जिन्होंने विकसित भारत के लिए सक्रिय रूप से अपना समर्थन देने का वादा किया है।





**उत्तराखंड में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन**

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान कलसी के ग्राम उत्पल्टा एवं गांगराऊ में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें 109 ग्रामीणों की टीबी तथा 89 ग्रामीणों की सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई।




**बिहार में कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना**

अपने शुरुआती चरण में यात्रा बिहार के कैमूर जिले के अघौरा ब्लॉक स्थित लोहरा गांव के लोगों के बीच पहुंची। निवासियों को अन्य योजनाओं के साथ-साथ उज्ज्वला योजना, पीएम-किसान, मोटे अनाज के बारे में जानकारी प्रदान की गई।




**ओडिशा में लोगों को सशक्त बनाना**

वर्तमान विकसित भारत संकल्प यात्रा ने लाभार्थियों के बीच जागरूकता बढ़ाई और ओडिशा के मलकानगिरी जिले के चित्रकोंडा ब्लॉक में कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।




19 नवंबर, 2023 तक, यात्रा में 826 ग्राम पंचायतों से लगभग 3 लाख व्यक्तियों की भागीदारी देखी गई है, जो देश के विकास में शामिल होने के लिए उत्सुक नागरिकों की भारी प्रतिक्रिया को दर्शाता है। इसके अलावा, आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में 58,400 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिसमें 25,000 से अधिक लोगों की टीबी और 15,500 से अधिक लोगों की सिकल सेल रोग की जांच की गई। इसके अतिरिक्त, 1.12 लाख से अधिक नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं, जिनमें प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का प्रत्येक परिवार का इलाज मुफ्त किया जा रहा है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों तक पहुंच की केवल एक पहल नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है कि सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे, जिससे देश के विकास में शत-प्रतिशत परिपूर्णता प्राप्त होगी और सक्रिय नागरिकता

को बढ़ावा मिलेगा। 25 जनवरी 2024 तक, यात्रा का लक्ष्य देश भर में 2.50 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों और 5000 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों को कवर करना है।

***

**निमिष रुस्तगी / हिमांशु पाठक**